256. क्षेत्रफल के अवरोही क्रम में राजस्थान के जिलों का सही अनुक्रम पहचानिए-

(a) कोटा > सिरोही > भरतपुर > बाँसवाड़ा

(b) सिरोही > कोटा > बाँसवाड़ा >भरतपुर

(c) भरतपुर > सिरोही > बाँसवाड़ा > कोटा

(d) बाँसवाड़ा > भरतपुर > सिरोही > कोटा

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (a)

जिला	**क्षेत्रफल**
कोटा	5217 वर्ग किमी.
सिरोही	5136 वर्ग किमी.
भरतपुर	5066 वर्ग किमी.
बाँसवाड़ा	5037 वर्ग किमी.

257. असंगत युग्म को छाँटिए-

पर्वत चोटी	**जिला**
(a) बीलाली	1. अलवर
(b) बाबई	2. जयपुर
(c) कुम्भलगढ़	3. राजसमंद
(d) भोजागढ़	4. सीकर

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (d) सही सुमेलन इस प्रकार है-

पर्वत चोटी	**जिला**
बीलाली	अलवर
बाबई	जयपुर
कुम्भलगढ़	राजसमंद
भोजागढ़	झुंझुनू

258. राजस्थान में सर्वाधिक क्षेत्रीय विस्तार भौतिक प्रदेश है-

(a) पूर्वी मैदान (b) मरुस्थली

(c) अरावली (d) हाड़ौती पठार

JEN Civil Degree Exam Date - 16.10.2016

Ans. (b) सामान्यतया राजस्थान को चार भौगोलिक प्रदेशों में विभक्त किया जाता है जो पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश, अरावली पर्वतीय प्रदेश, पूर्वी मैदानी प्रदेश एवं दक्षिणी-पूर्वी पठारी प्रदेश (हाड़ौती प्रदेश) हैं। इन भागों में सर्वाधिक क्षेत्रीय विस्तार पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश का है जो 60% से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है।

259. 'ऊपरमाल' है-

(a) भोराठ का पठारी भाग (b) हाड़ौती का पठारी भाग

(c) आबू का पठारी भाग (d) नागौर का पठारी भाग

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (b) 'ऊपरमाल' हाड़ौती का पठारी भाग है। यह राजस्थान के दक्षिण-पूर्वी पठार प्रदेश का हिस्सा है। हाड़ौती पठार को स्थानीय भाषा में 'ऊपरमाल' और पाथेर के नाम से भी जाना जाता है। राजस्थान के झालावाड, प्रतापगढ़, बूँदी, कोटा और बांरा जिले इसी क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। यह पठार राज्य के 9.6% क्षेत्र में फैला हुआ है।

260. ऊपरमाल राजस्थान के किस भौतिक प्रदेश का हिस्सा है-

(a) दक्षिणी पर्वतीय (b) दक्षिणी-पूर्वी पठार

(c) करौली पठार (d) नागौर पठार

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (b) उपर्यूक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

261. राजस्थान में ''ऊपरमाल'' के नाम से कौन सा क्षेत्र जाना जाता है?

(a) अजमेर, टोंक, भीलवाड़ा (b) कोटा, बूँदी, झालावाड़

(c) जोधपुर, जालौर, बाड़मेर (d) सिरोही, पाली, उदयपुर

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (b) उपर्यूक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

262. थार के मरुस्थल की स्थलाकृति किस प्रकार के बालूकास्तूपों से पटी पड़ी है-

(a) पवनानुवर्ती (b) अनुप्रस्थ

(c) बरखान (d) पेरोबोलिक

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (d) थार के मरुस्थल की अधिकांश 'स्थलाकृति' 'पैरोबोलिव' प्रकार के बालूकास्तूपों से निर्मित है।

बालुका स्तूप अथवा टिब्बाः- वायु द्वारा रेत एवं बालू के निक्षेप से निर्मित टीलों को बालुका स्तूप कहा जाता है। थार मरूस्थल का विस्तार राजस्थाना राज्य में अरावली पहाड़ी के पश्चिमी किनारे पर है। थार मरूस्थल का पश्चिमी भाग अत्यधिक शुष्क है, वहीं पूर्वी भाग में कभी-कभी हल्की वर्षा हो जाती है। यह मरूस्थल बालू के टिब्बों (स्तूप) से ढँका हुआ एक तरंगित मैदान है।

263. मरुस्थलीकरण का प्रसार राजस्थान से किन राज्यों की ओर हो रहा है-

(a) दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश

(b) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात व महाराष्ट्र

(c) दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व मध्य प्रदेश

(d) पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड व मध्य प्रदेश

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) मरुस्थलीकरण का प्रसार राजस्थान से दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश की ओर हो रहा है। भारत में मरुस्थलीकरण एवं भूमि अवनयन एटलस का नवीनतम संस्करण 17 जून, 2021 ई. के जारी किया गया। इसे अंतरिक्ष अनुप्रयोग केन्द्र अहमदाबाद द्वारा जारी किया गया।

264. अरावली पर्वत से सम्बद्ध पठार नहीं है-

(a) लासड़िया (b) भोराठ

(c) उड़िया (d) मालवा

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (d) अरावली पर्वत श्रेणियाँ राजस्थान का एक विशिष्ट भौगोलिक प्रदेश है। अरावली विश्व की प्राचीनतम पर्वत श्रेणी है अरावली पर्वत का राजस्थान में विस्तार सिरोही, उदयपुर, राजसमंद, अजमेर, जयपुर, दौसा एवं अलवर जिले में है। अरावली से संबंधित पठार लासड़िया, भोराठ, उड़िया उपरमाल, आबू का पठार, मेसा, काकनबाड़ी है।

265. राजस्थान के वे जिले जिनकी सम्पूर्ण राजनीतिक सीमा पड़ोसी जिलों की सीमा से लगती है-

(a) राजसमन्द, दौसा (b) बाँसवाड़ा, टोंक

(c) करौली, भीलवाड़ा (d) अजमेर, जयपुर

JEN Mechanical Degree Exam Date : 21.8.2016

Ans. (a) राजसमंद एवं दौसा की सम्पूर्ण राजनीतिक सीमा पड़ोसी जिलों की सीमा से लगती है- दौंसा के पड़ोसी जिले- भरतपुर, करौली, सवाई माधोपुर, जयपुर, एवं अलवर। राजसमंद के पड़ोसी जिले-पाली, उदयपुर, चित्तौड़गढ, भीलवाड़ा एवं अजमेर।